दिन–शुक्रवार दिनांक– 27 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर वेबिनार को संबोधित करेंगे।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – सीमांचल से घुसपैठिया मुक्त भारत अभियान की शुरूआत होगी। सीमा के दस किलोमीटर के दायरे में ध्वस्त होंगे अतिक्रमण।

03. विधानसभा ने गुंडा बैंक, सूदखोरी और माइक्रो फायनांस कम्पनियों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाएं विधेयक पारित किया।

04. और, टी–ट्वेंटी विश्व कप के सुपर एट मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को बहत्तर रनों से पराजित किया। भारत का अगला मुकाबला रविवार को वेस्टइंडीज से होगा।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर वेबिनार को संबोधित करेंगे। बजट के बाद आयोजित होने वाले इस वेबिनार में सार्वजनिक पूंजी व्यय, बुनियादी ढांचा, बैंकिंग सेक्टर सुधार, वित्तीय सेक्टर प्रबंधन, पूंजी बाजारों की मजबूती और कर सुधारों के जरिए जीवन सुगमता जैसे विषयों पर विचार–विमर्श होगा। केन्द्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के प्रमुख विषयों पर बजट बाद आयोजित होने वाले वेबिनारों की श्रृंखला में यह पहली ऑनलाइन संगोष्ठी है। इन संगोष्ठियों का उद्देश्य पिछले अनुभवों से लाभ लेना और प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया प्राप्त करना है ताकि व्यावहारिक अनुभवों के आधार पर बजट घोषणाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। वेबिनार में उद्‌योग जगत, वित्तीय संस्थान, बाजार, सरकार और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमांचल से घुसपैठिया मुक्त भारत अभियान की शुरूआत होगी। अररिया में एसएसबी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि घुसपैठिया मुक्त भारत अभियान का मतलब सिर्फ मतदाता सूची से उनका नाम हटाना नहीं बल्कि उन्हें देश की सीमाओं से बाहर करना है।

———बाईट———

गृह मंत्री ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जल्द ही एक्शन प्लान तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सीमा के दस किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण को ध्वस्त किया जायेगा।

———बाईट———

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पूर्णिया में सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

केन्द्रीय गृह मंत्री की पूर्णिया में होने वाली बैठक में सीमांचल की सुरक्षा,घुसपैठ और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर मुख्य रूप से चर्चा होने की सम्भावना है। सिलीगुड़ी गलियारा की सामरिक स्थिति को लेकर भी बैठक में विचार—विमर्श होगा। इसके अलावा बैठक में सुरक्षा के साथ विकास को जोड़ते हुये सीमावर्ती गांवों के सशक्तिकरण पर भी विशेष रूप से चर्चा होने की सम्भावना है। बैठक में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के प्रमुख, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार समेत सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौजूद रहेंगे। इधर, कल देर शाम गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्णिया पहुंचने के बाद पार्टी पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

———————————————————————————

विधानसभा ने बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाएं विधेयक, दो हजार छब्बीस पारित कर दिया है। इस विधेयक का उद्देश्य गुंडा बैंक, सूदखोरी और माइक्रो फायनांस कम्पनियों की प्रताड़ना पर रोक लगाना है। विधेयक में बिना पंजीकरण के सूदखोरी के व्यवसाय को आपराधिक कृत्य माना गया है और इसके लिए दंड का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रत्येक जिले में ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालत गठित करने का भी प्रावधान है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुये वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि सूक्ष्म वित्त संस्थाओं को बिहार में अपना कारोबार शुरू करने के लिए रिजर्व बैंक से अनुमति मिलने के बाद भी वित्त विभाग से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि इस कानून का उद्देश्य सूक्ष्म वित्त संस्थाओं को विनियमित करना और अनैतिक वसूली की प्रवृत्ति पर रोक लगाना है।

———बाईट———

विधानसभा ने बिहार निजी व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थान संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस को भी पारित कर दिया। इसका उद्देश्य निजी व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थानों के मनमाने शुल्क पर रोक लगाना है। ऐसे संस्थानों में अब नामांकन से लेकर परीक्षा शुल्क तक का नियंत्रण सरकार स्वयं करेगी। इधर, विधानमंडल के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है।

———————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने दलालों, मुंशी और भू–माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल में इस संबंध में सभी समाहर्ताओं को पत्र जारी कर कहा है कि राजस्व प्रशासन में बिचौलिया संस्कृति बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पत्र में कहा गया है कि हलका कर्मचारियों द्वारा अनौपचारिक रूप से मुंशी रखने और कई जगहों पर समानांतर कार्यालय चलने की भी बात सामने आयी है। सभी समाहर्ताओं को क्षेत्र भ्रमण कर ऐसे लोगों की पहचान कर तत्काल एफआईआर कराने के निर्देश दिये गये हैं।

————————————————————————

पुलिस अधिकारियों और कर्मियों पर मुकदमा चलाने से पहले अब राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। माना जा रहा है कि पिछले दिनों बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार नायक की गिरफ्तारी के प्रयास से जुड़ी घटनाओं के मद्देनजर यह फैसला किया गया है।

————————————————————————

केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने समस्तीपुर के पूसा स्थित डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में मखाना विकास अनुसंधान केन्द्र का उद्घाटन किया। श्री ठाकुर ने कहा कि मखाना उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए इस केन्द्र की स्थापना की गयी है।

————————————————————————

पटना मेट्रो के प्राथमिकता खंड के तहत भूतनाथ से मलाही पकड़ी के बीच मेट्रो परिचालन का ट्रायल रन पूरी तरह सफल रहा। इस दौरान ट्रैक, सिग्नलिंग और यात्री सुरक्षा मानकों की गहन जांच की गयी। जल्द ही इस रूट पर मेट्रो का नियमित परिचालन शुरू होगा। आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक मेट्रो का किराया तीस रूपये तय किया गया है।

————————————————————————

प्रदेश में सौर ऊर्जा को को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए चौबीस व्यक्तियों और संस्थाओं को सोलर चैंपियन के रूप में सम्मानित किया है। पेसू द्वारा पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में इन सभी को सम्मानित किया गया। ये सभी ऐसे लाभार्थी हैं, जिन्होंने रूफ टॉप सोलर पैनल लगाकर अपने बिजली बिल को शून्य कर दिया।

————————————————————————

आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 मुकाबले में कल भारत ने जिम्बाब्वे को बहत्तर रन से हरा दिया। चेन्नई में खेले गये मैच में पहले बल्लेबाजी

करते हुए भारत ने चार विकेट पर दो सौ छप्पन रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुये जिम्बाब्वे की टीम छह विकेट पर एक सौ चौरासी रन ही बना सकी। भारत के अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने नाबाद पचास, तिलक वर्मा ने नाबाद चौवालीस और अभिषेक शर्मा ने पचपन रनों की पारी खेली। हार्दिक पंड्या को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। भारत, सुपर–8 के आखिरी मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज से खेलेगा। मैच शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने रोहतास जिले के ठोरसन पंचायत सचिव ऋतुराज पंडित को बारह हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पंचायत सचिव नल–जल योजना की राशि भुगतान के एवज में शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

———————————————————————

कुर्था से जदयू विधायक पप्पू वर्मा से रंगदारी मांगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में विधायक ने स्थानीय थाने में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देव मोड़ के पास में देर शाम ट्रक और एक चार पहिया वाहन के बीच हुयी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में दो महिला समेत सात लोग घायल हो गये।

———————————————————————

कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के कझारघाट गांव में शराब पार्टी की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। पथराव की घटना में सात पुलिसकर्मी समेत पन्द्रह लोग घायल हो गये। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक युवक गोली लगी है, जिसका वाराणसी में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में अट्ठाईस लोगों के खिलाफ नामजद तथा पचास अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। अब तक तेरह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे की खबरें आज के सभी समाचार पत्रों की प्रमुख सुर्खी है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– घुसपैठियों को चुन–चुन कर सीमा पार भेजेंगे– अमित शाह।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है—सीमांचल में घुसपैठ बर्दाश्त नहीं। दस किलोमीटर के दायरे में अवैध ढांचे हटेंगे।

दैनिक जागरण ने लिखा है— विधानमंडल में चार खंडों में प्रस्तुत हुई कैग की रिपोर्ट, कई विभागों के हिसाब—किताब में मिला गड़बड़झाला।

प्रभात खबर की सुर्खी है— सूदखोरों की खैर नहीं, अवैध वसूली पर तीन साल जेल, हर जिले में कोर्ट।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं— प्रधानमंत्री मोदी ने इजरायल से रिश्तों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दिया दर्जा। आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने टी—ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सुपर एट मुकाबले में भारत की जिम्बाब्वे पर जीत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर वेबिनार को संबोधित करेंगे।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा — सीमांचल से घुसपैठिया मुक्त भारत अभियान की शुरूआत होगी। सीमा के दस किलोमीटर के दायरे में ध्वस्त होंगे अतिक्रमण।

03. विधानसभा ने गुंडा बैंक, सूदखोरी और माइक्रो फायनांस कम्पनियों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाएं विधेयक पारित किया।

04. और, टी—ट्वेंटी विश्व कप के सुपर एट मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को बहत्तर रनों से पराजित किया। भारत का अगला मुकाबला रविवार को वेस्टइंडीज से होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।